पत्रांक -998 दि० 20/03/2026

**श्री विजय कुमार सिन्हा, माननीय उप मुख्यमंत्री–सह–मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में राज्य में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यो की दिनांक 13.03.2026 को आहुत समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

**उपस्थितिः–** यथा संधारित।

दिनांक 13.03.2026 को माननीय उप मुख्यमंत्री–सह–मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में राज्य में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यो के प्रगति की समीक्षात्मक बैठक राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में आयोजित की गई, जिसकी विवरणी निम्न प्रकार से है :–

सर्वप्रथम श्री सुहर्ष भगत, निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप द्वारा माननीय उप मुख्यमंत्री–सह–मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग एवं श्री श्री गोपाल मीणा, सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं पौधा देकर की गई।

तत्पश्चात् माननीय उप मुख्यमंत्री–सह–मंत्री द्वारा बैठक में उपस्थित सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों से संक्षिप्त में परिचय लिया गया जिसके उपरांत सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए भूमि सर्वे की महत्ता एवं राज्य में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम का संक्षित परिचय देते हुए बैठकी कार्यवाही आरंभ की गई जिसका विवरण निम्नवत् है :–

1. समीक्षा के क्रम में उपस्थित सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों से उनके जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अब तक लंबित रहने के कारण के संबंध में सुस्पष्ट प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश दिया गया।

   **(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)**

2. माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा राज्य में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम को अभियान के रूप में कार्य कराने एवं उक्त पर सुक्ष्म निगरानी रखते हुए जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण का प्रत्येक कार्य दिवस को हुई प्रगति की समीक्षा कर तत्संबंधी प्रतिवेदन निदेशालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया तथा निदेशालय स्तर से संबंधित नोडल पदाधिकारियों द्वारा जिले की प्रगति की समीक्षा कर निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप को समेकित रूप से प्रतिवेदन उपस्थापित करने का निदेश दिया।

   **(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार/निदेशालय में पदस्थापित नोडल पदाधिकारी)**

3. राज्य में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम में संलग्न विशेष सर्वेक्षण कानूनगो एवं अमीनों की निरंतर आ रही शिकायतों के आलोक में सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों को उनके अधीनस्थ विशेष सर्वेक्षण कर्मियों का रैयतो से प्राप्त शिकायतों की निष्पक्ष एवं सूक्ष्मता से जाँच कर दोषी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई सेवा मुक्ति हेतु प्रस्ताव निदेशालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

   **(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार/स्थापना शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप)**

4. समीक्षा के क्रम में सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार को उनके जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यो में शिथिलता बरतने वाले विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को चिन्हित कर उक्त संबंध में निदेशालय द्वारा निर्गत विभिन्न निदेशों के आधार पर अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

   **(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार/स्थापना शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप)**

5. समीक्षा के क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वर्तमान में 15 जिलों में नियमित बन्दोबस्त पदाधिकारियों का पद रिक्त रहने की सूचना प्रदत्त करते हुए विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम के अपेक्षित प्रगति हेतु कम से कम प्रत्येक जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारी को 03 वर्षो तक पदस्थापित रखने का अनुरोध किया गया।

उक्त के आलोक में माननीय उप मुख्यमंत्री–सह–मंत्री द्वारा रिक्त पदों की सूची उपलब्ध कराने तथा बन्दोबस्त पदाधिकारी के 03 वर्षो तक पदस्थापन यथावत् रखने हेतु प्रस्ताव उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : स्थापना शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप)**

6. समीक्षा के क्रम में विभिन्न बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा उनके जिले से संबद्ध हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा सर्वे कार्यो में अपेक्षित सहयोग, ई0टी0एस0 मशीन एवं संबंधित संचालको की ससमय आपूर्ति के साथ–साथ विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम के विभिन्न प्रक्रमों के अद्यतन मानचित्रों का ससमय आपूर्ति शिकायत के आलोक में निम्नांकित निदेश दिये गये :–

(i) ई0टी0एस0 मशीन एवं संबंधित मानवबल की ससमय आपूर्ति के बिन्दु पर सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी को उनके मांग की विरूद्ध ई0टी0एस0 मशीन एवं संबंधित मानवबल वास्तविक उपलब्धता के आधार पर जाँच कर तत्संबंधी प्रतिवेदन प्रत्येक दशा में दिनांक 17.03.2026 तक उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)**

(ii) विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम में संलग्न तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा हेतु MIS Dashboard बनाने का निदेश दिया गया ताकि एजेंन्सी की समीक्षा निदेशालय एवं जिला स्तर पर किया जा सके, प्रावधान किये जाने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : आई0टी0 सेल, निदेशालय)**

साथ ही उक्त MIS का निदेशालय एवं जिला स्तर पर निरंतर समीक्षा करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार/निदेशालय में पदस्थापित नोडल पदाधिकारी)**

(iii) हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा किये जा रहे कार्यो के अनुश्रवण एवं समीक्षा हेतु तैयार किये जाने वाले उक्त MIS में Ticket Rasing का भी प्रावधान किये जाने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : आई0टी0 सेल, निदेशालय)**

(iv) सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी जिला स्तर पर भी अपने जिला के संबद्ध हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के कर्मियों का विडियों कॉल के माध्यम से भी उपस्थिति जाँच एवं उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)**

7. सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी अपने जिले में पदस्थापित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा किये जा रहे कार्यो का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण निदेशालय के तर्ज पर जिला स्तर पर MIS बनाकर करेंगे तथा अच्छे कार्य करने वाले पदाधिकारी एवं कर्मियों को प्राथमिकता एवं प्रोत्साहन देंगे ताकि उनका मनोबल बढ़े।

**(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)**

8. समीक्षा के क्रम में विभिन्न जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा उन्हें जिला स्तर पर कानून व्यवस्था, परीक्षा आदि कार्यो के प्रतिनियुक्ति के कारण भी विशेष सर्वेक्षण कार्य प्रभावित होने की सूचना प्रदत्त की गई ।

उक्त के आलोक में सभी समाहर्त्ता को उनके जिले में बन्दोबस्त कार्यालय में पदस्थापित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अन्य कार्यो में प्रतिनियुक्त नहीं किये जाने हेतु उच्चस्तरीय पत्र उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : विशेष सर्वेक्षण कोषांग, निदेशालय)**

9. सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी अपने जिले में पदस्थापित वैसे हड़ताली नेतृत्वकर्त्ता (विशेष सर्वेक्षण कर्मियों) द्वारा अबतक किये गये कार्यो की गहन समीक्षा कर तत्संबंधी प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)**

10. सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी अपने जिले के रैयतों से प्राप्त समस्याओं का निरंतर अनुश्रवण कर उक्त का समाधान करना सुनिश्चित करेंगे।

**(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)**

11. सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी अपने जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यो में आ रही समस्याएँ एवं अपने कार्यानुभव के आधार पर उक्त समस्याओं का संभावित समाधान संबंधी प्रतिवेदन 15 दिनों के भीतर निदेशालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गय।

**(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)**

12. सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी को अपने जिले में चल रहे सर्वे कार्य में प्रगति लाने हेतु Artifical Intelligence का प्रयोग करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)**

13. विशेष सर्वेक्षण कार्यो में निदेशालय स्तर पर प्रयुक्त सभी सॉफ्टवेयर से संबंधी अद्यतन जानकारी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री–सह–मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के समक्ष उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : आई0टी0 सेल, निदेशालय)**

14. सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी अपने पदस्थापित जिले के राजस्व प्रशासन से बेहतर समन्वय स्थापित करने कार्य किये जाने का निदेश दिया गया।

अन्त में सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों को अपने जिले में रैयतो के मध्य विश्वास बनाने एवं प्रत्येक दशा में किसी भी प्रकार का भष्ट्राचार को बर्दाश्त नहीं करने का निदेश देते हुए सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

20/3/26

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक :03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10/2022** 998 **पटना, दिनांक** 20/03/2026

**प्रतिलिपि** : सभी प्रमंडलीय आयुक्त/समाहर्त्ता/अपर समाहर्त्ता बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

20/3/26

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक :03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10/2022** 998 **पटना, दिनांक** 20/03/2026

**प्रतिलिपि** : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :03 / भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10 / 2022 ......998......पटना, दिनांक: 20/03/2026

**प्रतिलिपि** : उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना / विशेष कार्य पदाधिकारी / उप सचिव / संबंधित प्रशाखा पदाधिकारी / निदेशालय में पदस्थापित सभी जिले के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग / प्रभारी, आई0टी0 सेल, / प्रिंस कुमार / कुणाल किशोर, प्रोग्रामर भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :03 / भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10 / 2022 ......998......पटना, दिनांक: 20/03/2026

**प्रतिलिपि** :प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :03 / भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10 / 2022 ......998......पटना, दिनांक: 20/03/2026

**प्रतिलिपि** : प्रधान सचिव / सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप